बिहार सरकार
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(आपदा प्रबंधन विभाग)
पंचम तल, सरदार पटेल भवन, नेहरू मार्ग, पटना - 800023
टेलीफोन नo 0612-2547232 & ई-मेल info@bsdma.org

पत्रांक - Computer No : 538686/3422/प्राधि॰ पटना, दिनांक 16/12/2025

## अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं आपदा प्रबंधन विषय पर जन-जागरूकता तथा क्षमता संवर्धन कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर किया जाता है। उक्त कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रशिक्षण किट (जैसे – जूट बैग BSDMA logo सहित/साइज़ 15” X 14” X 4”, बॉल पेन (लिखो फेंकों), नोट पैड (20 पन्नों वाली), स्केच पेन प्रति पैकेट (कैमल/कोरेस इत्यादि), चार्ट पेपर (220 GSM) एवं कांफ्रेंस पहचान पत्र रिबन सहित जिस पर कार्यक्रम का नाम अंकित हो) प्रदान किया जाना है।

2. अतः प्रशिक्षण किट की आपूर्ति हेतु इच्छुक, योग्य, पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मों/विक्रेताओं/एजेंसियों से निम्नलिखित शर्तों एवं नियमों के अधीन अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रित की जाती है–

1. निविदाकर्ता का पंजीकृत एवं अनुभवी फर्म/विक्रेता होना अनिवार्य है।
2. आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन हेतु उपयुक्त अवसंरचना एवं सुविधायुक्त संस्थान/एजेंसियाँ भी इसमें भाग ले सकती हैं। प्रशिक्षण किट की दर अलग से अंकित करनी होगी।
3. आपूर्ति की जाने वाली समस्त सामग्री नई एवं मानक गुणवत्ता की होनी चाहिए।
4. सभी दरें स्पष्ट रूप से (कर सहित) अंकित की जानी चाहिए।
5. कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात निर्धारित अवधि के भीतर सामग्री की आपूर्ति अनिवार्य होगी।
6. सामग्री की संतोषजनक आपूर्ति के उपरांत ही नियमानुसार भुगतान किया जाएगा।
7. सक्षम प्राधिकारी को किसी भी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
8. अन्य सभी शर्तें विभागीय नियमों/निर्देशों के अनुसार लागू होंगी।
9. निविदा/कोटेशन प्राप्त होने की अंतिम तिथि एवं समय **19.12.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक** निर्धारित है। (19.12.2025)
10. निविदा/कोटेशन दिनांक **24.12.2025 को** अपराह्न 02:00 बजे से प्राधिकरण में खोला जायेगा। इच्छुक फर्मों/विक्रेताओं/एजेंसियों इसमें भाग ले सकते हैं।
11. जमानत राशि (Earnest Money) के रूप में **₹10,000/- (दस हजार रुपये मात्र)** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना के नाम बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा।
12. निविदा/कोटेशन को पूर्णतः या आंशिक रूप से स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार प्राधिकरण के पास सुरक्षित रहेगा।

16/12/2025
(मो० वासिर खान)
सचिव
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण



Scanned with OKEN Scanner